हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025



### दसवीं-बारहवीं बोर्ड कक्षाओं के परिणाम जारी, जिले में भाव्या और रोशन टॉपर

# प्रदेश की मेरिट सूची में अविभाजित जिले से कोई नहीं, 10वीं में 68.76% व 12वीं में 82.25% पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मार्च महीने में आयोजित की गई दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम सामने आ गए हैं। बुधवार दोपहर को जारी किए गए परिणामों में जिले का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। दोनों ही कक्षाओं की प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में अविभाजित जिले से किसी भी छात्र का नाम नहीं है।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ सालों से लगातार जिले का प्रदर्शन प्रदेश स्तर पर कमजोर होता गया है। इस बार इसमें सुधार के लिए कई प्रयास भी किए गए, लेकिन बावजूद उसके परिणाम में कोई विशेष परिवर्तन देखने को नहीं मिले हैं। इधर जिला स्तर पर जारी मेरिट सूची में 10वीं कक्षा में राजनांदगांव की भाव्या साहू प्रथम एवं 12वीं कक्षा में डोंगरगांव के रोशनलाल सिन्हा प्रथम स्थान पर रहे है।

जिले में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप 10 स्थान हासिल किया व कक्षा 12वीं में कुल 17 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप 10 स्थान हासिल किया है। जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। आने वाले सत्र में और अच्छे परिणाम हेतु बोर्ड परीक्षा को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## केसीजी में यामिनी और धनंजय, एमएमसी जिले में लक्ष्मी और अशोक रहे टॉपर



भाव्या साहू, नांदगांव | रोशन सिन्हा, डोंगरगांव | यामिनी निषाद, केसीजी | धनंजय साहू | लक्ष्मी बंधे, एमएमसी | अशोक कुमार, एमएमसी

### जिले से दसवीं में 18 टॉपर

कक्षा दसवीं परिणाम में जिले से 18 लोगों ने टॉप किया है। जिसमें प्रथम स्थान पर आत्मानंद बक्शी स्कूल की भाव्या साहू ने 97.17, रॉयल किड्स की दिव्यंका यादव 97.17, द्वितीय स्थान पर आत्मानंद बक्शी स्कूल के दिलेश साहू 96.83, तृतीय स्थान पर सीजी पब्लिक स्कूल डोंगरगांव की युक्ति मथेकर 96.67, चौथे स्थान पर सीजी पब्लिक स्कूल डोंगरगांव के टिकेश दीप टांडेकर 96.50, पांचवें स्थान पर जेएलएम गयात्री स्कूल की मानसी साहू 96.00, छठवें स्थान पर सर्वेश्वर दास आत्मानंद स्कूल के शुभम तालोकर 95.67, वेसलियन हिंदी मीडियम स्कूल की आयुषी देवांगन 95.67, शासकीय स्कूल आंडी की शीतल साहू 95.67, आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान के हंसराज बघेल 95.67, भारतीय पब्लिक स्कूल डोंगरगांव की लवली हिरवानी 95.67, सातवें में शासकीय स्कूल ढारा की वैष्णवी वैष्णव 95.50, आठवें स्थान पर शासकीय स्कूल मासूल की हेमा वर्मा 95.33, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल धीरी के लेखेश्वर निषाद 95.33, नवें स्थान पर शासकीय स्कूल धीरी की यानी निर्मलकर 95.17, दसवीं स्थान पर आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव के ऋषि साहू 95.00, शासकीय चिखलाकसा स्कूल की रेखा 95.50, शासकीय स्कूल चांदो के हिमेश कुमार ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

**खैरागढ़।** माशिमं द्वारा दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के घोषित नतीजों में जिले के 85.31 प्रतिशत ने बारहवीं और 70.40 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा पास की है। जारी नतीजों के अनुसार जिले में बारहवीं की टॉपटेन की सूची में 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ छुईखदान ब्लॉक के ठाकुरटोला सरकारी स्कूल के धनंजय पिता कृष्णा साहू पहले स्थान पर है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपटेन सूची में यामिनी पिता सुरेश निषाद पपु बक्शी आत्मानंद स्कूल खैरागढ़ 97.17 पहले स्थान पर रहे।

### एमएमसी में बेहतर, केसीजी में संतोषजनक परिणाम

भले ही दोनों नए जिलों से किसी भी बच्चे का नाम प्रदेश की मेरिट सूची में ना हो, लेकिन जिला स्तर पर इन दोनों ही जिलों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। आंकड़ों के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दसवीं कक्षा में 92.43 फीसदी बच्चे पास, 176 फेल एवं 81 पूरक आए हैं। खैरागढ़ जिले में दसवीं कक्षा में 70.40 फीसदी बच्चे पास, 1340 फेल एवं 351 पूरक आए हैं। वहीं 12वीं कक्षा में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 90.11 फीसदी पास, 116 फेल एवं 153 पूरक आए हैं। वहीं केसीजी जिले में 12वीं कक्षा में 85.31 फीसदी बच्चे पास, 229 फेल एवं 339 पूरक आए हैं।

### कक्षा 12वीं में 17 टॉपर

हायर सेकंडरी की परीक्षा में टॉप 10 सूची में जिले के सीजी पब्लिक स्कूल डोंगरगांव से प्रथम स्थान पर रोशन लाल सिंह 95.40, द्वितीय शासकीय सुरगी स्कूल की आकांक्षा जैन 93.80, जेएलएम गयात्री स्कूल के ऋषि रंगारी 93.80, तीसरे स्थान पर शासकीय सुरगी स्कूल की लेखनी 93.00, चौथे स्थान पर शासकीय रेंगाकठेरा बखत स्कूल की नीलम देवांगन 92.40, पांचवें स्थान पर शासकीय सुरगी स्कूल की सिमरन देशमुख 92.00, छठवें स्थान पर आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान की डिगेश्वरी साहू 91.80, भारतीय पब्लिक स्कूल डोंगरगांव की खिलेश्वरी 91.80, सातवें स्थान पर शासकीय कन्हारपुरी स्कूल की तारनी साहू 91.60, आठवें स्थान पर आत्मानंद स्कूल छुरिया के खुमान सिंह 91.40, शासकीय स्कूल बीजेभाठा की प्रीति 91.40, अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला की अलीजा कौसर 91.40, 9वें स्थान पर शासकीय स्कूल सलोनी की ओमनी 91.20, शासकीय स्कूल आमगांव के मनीष कुमार देवांगन 91.20, गायत्री विद्या मंदिर की रेणुका देवांगन 91.20, दसवें स्थान पर शासकीय स्कूल सलोनी की मानसी वर्मा 90.80, अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला की चंचल देवांगन ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### नांदगांव जिले का यह हाल

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में सेजेस बख्शी स्कूल राजनांदगांव की छात्रा भाव्या साहू ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में सीजी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल डोंगरगांव के छात्र रोशनलाल सिन्हा पिता हिरालाल सिन्हा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र रोशनलाल सिन्हा ने 95.40 प्रतिशत से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। जिले में कक्षा 10वीं में बालक का प्रतिशत 62.05 एवं बलिका का प्रतिशत 74.08 कुल जिले का प्रतिशत 68.76 है। कक्षा 12वीं में बालक का प्रतिशत 78.36 एवं बलिका का प्रतिशत 84.93 कुल जिले का प्रतिशत 82.25 रहा है।

# शहर के कई वार्ड पुराने ट्रांसफार्मर के भरोसे

## लोड बढ़ने से भीषण गर्मी में होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



अक्सर गर्मी के दिनों में ट्रांसफार्मर में आग लगने की समस्या के चलते घंटों बिजली बंद होने पर भीषण गर्मी के बीच लोगों को हलाकान होना पड़ता है। गर्मी से पूर्व शहर के अलग-अलग क्षेत्र में ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले लोड को लेकर इंतजाम नहीं किए जाने के चलते, खपत के अनुसार पुराने और छोटे ट्रांसफार्मरों को नहीं बदलने की वजह से गर्मी के बीच बार-बार बिजली बंद होने का सिलसिला शुरू हो गया है।

शहर के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां नई आबादी बस रही है। इन क्षेत्रों में भी पुराने लोड के अनुसार ही ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। शहर में गर्मी से पूर्व ही सैकड़ों एसी की बिक्री हो जाती है। ऐसे में जिन घरों में कूलर है, वहां एसी लगने से विद्युत की खपत बढ़ रही है। जिससे क्षमता से अधिक लोड ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है।

### कूलर पंखों की संख्या बढ़ी

प्रधानमंत्री आवास योजना के चलते शहर के क्षेत्र में पक्के मकान बन गए हैं। इन घरों में कूलर-पंखे की संख्या भी बढ़ गई है। भीषण गर्मी के दिनों लोड बढ़ने से बिजली गुल होने की समस्या सामने आ सकती है। विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित नहीं किया गया है। वहीं इन क्षेत्रों में नए ट्रांसफार्मर लगाकर लोड भी नहीं बढ़ाया गया है।

### मांग से अधिक खपत

उपभोक्ता द्वारा विद्युत मीटर लगाते वक्त विद्युत खपत का लोड टेस्ट रिपोर्ट में भरा जाता है। विभाग द्वारा मांग अनुसार ही क्षेत्र में विद्युत का लोड तय होता है और ट्रांसफार्मर लगाया जाता है। वहीं गर्मी के दिनों में विद्युत की खपत अधिक होने के चलते एक कूलर, पंखों की वजह से लोड बढ़ जाता है। इस कारण ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट, ट्रांसफार्मर में आग लगने जैसी समस्या होती है। इधर विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता का कहना है कि शहर के ट्रांसफार्मर अंडर लोड पर है। सभी जगह व्यवस्था दुरूस्त कर दी गई है। लोड बढ़ेगा तो व्यवस्था कर दी जाएगी।

### अलग-अलग जगहों पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर कल 8 मई को वृहद रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर तथा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विश्व रेडक्रास दिवस पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण, समेकित क्षेत्रीय केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ब्लड बैंक जिला अस्पताल, ब्लड बैंक शासकीय मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पेंड्री, बिलासा ब्लड बैंक गुरूद्वारा के सामने, नांदगांव ब्लड बैंक शिवनाथ वाटिका के पास, लाईफ लाईन ब्लड बैंक पावर हाऊस के सामने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के नागरिकों से रक्तदान शिविर में शामिल होकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने की अपील की गई है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, एक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध चौकी चिखली पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत 18 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर रोकथाम लगाने हेतु चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने मुखबीर सूचना पर रेड कार्रवाई करते बजरंगपुर नवागांव के चौक में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु खड़े आरोपी छोटू उर्फ चंद्रभान यादव 32 साल साकिन बाबूटोला बजरंगपुर नवागांव से 18 पौवा जम्मु स्पेशल व्हीस्की शराब कीमती 2160 रुपए व बिक्री रकम 200 रुपए एवं मोतीपुर काई तालाब पार में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखे आरोपी अजय पटेल 38 साल साकिन मोतीपुर रेलवे क्रासिंग के पास से 18 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 1440 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया तथा चिखली हनुमान मंदिर के पास आम जगह पर शराब पीने वाले आरोपी कांशीराम 50 साल साकिन ग्राम देवडोंगर के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

# आतंकी ठिकानों पर बमबारी का शहरवासियों ने मनाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर देशभर से मांग उठ रही थी। इसी बीच केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को अपना निशाना बनाते एयर स्ट्राइक कराया और आतंकी ठिकानों पर बमबारी की गई। जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। भारत द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को मिले करारे जवाब को लेकर शहर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते पटाखे फोड़, मिठाइयां बांटी और भारत मां की जयघोष करते राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली निकाली । इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगे।

### राष्ट्रध्वज के साथ रैली

भारत द्वारा पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर देर रात किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक से आतंकियों को निशाना बनाया गया। भारतीय सेना द्वारा इस कार्रवाई को बखूबी अंजाम दिया गया। आतंक के खिलाफ हुए एक्शन पर जश्न का माहौल भी देखा जा रहा है। शहर के जयस्तंभ चौक से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े के साथ रैली निकाली और शहर के महाकाल चौक पहुंचकर जश्न मनाया।

### पाकिस्तान को बताया सिंदूर का महत्व

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि आतंकवादियों ने चिन्हित करके धर्म पूछकर पर्यटकों को मारा है। जवाब देने एक्शन में कुछ समय लगता है। प्रधानमंत्री ने बता दिया कि चुटकी भर सिंदूर का क्या महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस देश का कोई नागरिक आतंकवादी गतिविधि में शहीद होता है तो भारत उसका बदला लेने सक्षम है। बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया किया गया है। पाकिस्तान को उसकी औकात बताई गई है।

### देश की जनता सेना के साथ

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा अपना पराक्रम दिखाया है। भारत ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है, यह शुरूआत है, हमें अपनी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत की 140 करोड़ जनता अपनी भारतीय सेना के साथ है। महापौर ने कहा कि यह मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। वहीं आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने किए गए इस ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह अब बदलता भारत है, आतंकवाद को करारा जवाब मिलेगा।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी
• लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
• साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समता
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
• एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### रातों रात सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जा को रोका



**डोंगरगढ़।** सुदर्शनगिरी पहाड़ी के सामने शासकीय भूमि पर पर रातो-रात हो रहे कब्जे को रोके जाने की जानकारी सामने आई है। पहाड़ी पर पहुंचे तेंदुआ की खबर के साथ ही मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला ने देखा कि कुछ लोग अछोली मुख्य सड़क मार्ग से लगे सुदर्शनगिरी पहाड़ी से लगे मैदान में लगभग एक एकड़ से उपर करोड़ों की जमीन पर जेसीबी के माध्यम से समतलीकरण कर आसपास दीवार उठाने के साथ-साथ निर्माण कार्य की तैयारी भी शुरू कर दी थी। बताया जाता है कि अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के पहले ही काम कर रहे जेसीबी वाहन को लेकर ड्राईवर फरार हो गया और जमीन को खड़े रहकर कब्जा करवा रहे लोग भी फरार हो गए। सुदर्शनगिरी के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हत्थेल ने बताया कि वाल्मिकी समाज के तीर्थस्थल सुदर्शनगिरी के चारो ओर धड़ल्ले से अवैध कब्जा होने के कारण उनके तीर्थस्थल जाने के लिए कोई सुविधाजनक मार्ग ही नहीं है।

## निधन

### लक्ष्मण दास वैष्णव



**सड़क अतरिया।** कुकुरमुडा निवासी लक्ष्मण दास वैष्णव का सोमवार दोपहर निधन हो गया। वह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा घर से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिवार, समाज एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बाला बेन परमार



**डोंगरगढ़।** श्रीमती बाला बेन नारायण भाई परमार (87 वर्ष) का बुधवार को दोपहर 1.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा शाम 5 बजे उनके निवास स्थान छोटी बम्लेश्वरी मंदिर के पास से निकली गई। छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### बीते सप्ताह से मौसम के बदले तेवर से फसलों को नुकसान

# तेज आंधी-तूफान से केले की फसल बर्बाद, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के मुसरा सहित दर्जनों गांव के किसान परेशान हैं। विगत एक हफ्ते से लगातार तेज आंधी-तूफान से किसानों की केले व पपीता की फसल बर्बाद हो गई है। किसान मनीराम लिल्हारे, वित्त प्रसाद वर्मा, प्रफुल्ल चौहान, एणेश्वर वर्मा सहित अन्य ने बताया कि क्षेत्र के केले की 300 एकड़ फसल आंधी-तूफान के कारण बर्बाद हो गई है। जिससे सैकड़ों किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है।

गौरतलब है की केले की फसल को नगदी फसल माना जाता है। इसे सीधे बाजार में बेचकर नकद पैसा प्राप्त किया जाता है। वर्तमान में केले की फसल लगभग तैयार हो गई थी। कुछ दिनों के बाद उसे बाजार में बेचा जाता, लेकिन अचानक आए तेज आंधी-तूफान से किसानों की 90 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई। किसानों के सपने धरे के धरे रह गए। उनकी मेहनत पर पानी गिर गया।

क्षेत्र के किसान परेशान हैं। इतना बड़ा नुकसान होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने एक बार भी आकर निरीक्षण नहीं लिया, न ही मामले का जायजा किया। जिससे किसान आहत है और सरकार से जल्द से जल्द मुआवजा की मांग कर रहे है।



### केले के साथ पपीते की फसल भी बर्बाद

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि पपीते की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। तेज तूफान से कई एकड़ फसल बर्बाद हो गई। वर्तमान में केला व पपीता का मार्केट रेट बढ़ा हुआ है, अगर इस समय किसानों की फसल बाजार में आती तो उन्हें अच्छे दाम मिलते। जिससे उनकी मेहनत का सही दाम मिल पाता, लेकिन प्रकृति के कहर से उनके सपनों पर पानी फिर गया। क्षेत्र के बड़े किसान मनीराम लिल्हारे ने बताया उनकी 20 एकड़ भूमि, प्रफुल्ल चौहान 18 एकड़ भूमि, वित्त प्रसाद वर्मा 8 एकड़ भूमि व एनेश्वर वर्मा 5 एकड़ भूमि पर फसल खड़ी थी। जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत भूमि की फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने बताया कि अगर फसल सही समय पर बाजार में आती तो उन्हें प्रति एकड़ 2 लाख 16 हजार रुपए की कीमत मिलती, लेकिन तेज आंधी-तूफान ने उनके सारे सपने चकनाचूर कर दिए। उन्होंने प्रशासन से अपील करते कहा है कि उनकी खराब फसल का जायजा लेकर उन्हें मुआवजा जल्द से जल्द प्रदान किया जाए, ताकि उनकी परेशानी को थोड़ा कम किया जा सके।

# ग्रामीणों को जल बचाने के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

सोमनी से लगे ग्राम ईरा, धीरी, सांकरा में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा मंगलवार को पहुंची। कार्यक्रम में पद्मश्री फुलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, हरियाली बाहिनी जानिया साहू, ईरा सरपंच श्री साहू, सांकरा सरपंच श्रीमती साहू, एसी तृप्ति साहू, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, बिहान केडर व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर फुलबासन यादव ने कहा कि पानी बचाने सभी को आगे आना होगा, तभी पानी की समस्या से निपटा जा सकता है। आज पानी व्यर्थ बह रहा है, कई जगह जल मिशन के माध्यम से हर घर पानी मिल रहा है, लेकिन कई लोगों के यहां टोटी नहीं लगने से कई हजार लीटर पानी रोज बह रहा है। इसके लिए जल यात्रा और सभा कर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही घर से निकलकर गली में बहने एवं बरसात में बहते पानी को सोक पीठ बनाकर वाटर रिचार्ज करना होगा। साथ ही नाला बंधान जरूर बनाएं, ताकि बरसात का पानी को रोककर सिंचाई के अलावा जमीन में डाला जा सके। शिव देवांगन ने बताया कि पर्यावरण के लिए हम सब को जागरूक होना होगा। आज पेड़ बहुत संख्या में काटे जा रहे। साथ ही आंधी-तूफान में बड़ी संख्या में पेड़ को नुकसान होता है। सभी को कम से कम 10 पौधा लगाकर बचाना होगा। पेड़ जल को प्रभावित करता, वे वर्षा के अतिरिक्त जल संचय करता है।

# सरकारी जमीन बेचने का मामला, जांच शुरू, पटवारी और आरआई देंगे रिपोर्ट

## वन विभाग की दस एकड़ सरकारी जमीन बेचने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिले के डोंगरगढ़ में वन विभाग की तकरीबन 10 एकड़ सरकारी भूमि को भूमाफियों द्वारा बेचे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद राजस्व विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य सामने आ पाएंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने राज्य सरकार को एक पत्र लिखकर डोंगरगढ़ में वन विभाग की सरकारी जमीन बेचे जाने सहित वन विभाग के निर्माण कार्य और खरीदी-बिक्री में खुलकर की जा रही कमीशनबाजी और भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, जिस पर अब राजस्व विभाग हरकत में आया है। तहसीलदार के नेतृत्व में जांच के निर्देश दिए गए हैं।

बताया गया है कि एक दिन पूर्व तहसीलदार सहित राजस्व विभाग का अमला डोंगरगढ़ में वन भूमि का निरीक्षण किया है। इसके बाद अभ्यास के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी, 10 एकड़ वनभूमि का मामला तैयारी शुरू की गई है। जांच होने के उपरांत ही वास्तविक तथ्य सामने आएंगे कि कितनी सरकारी जमीन निजी हाथों में किसके द्वारा बेची गई है। इस मामले में राजस्व विभाग वन विभाग के अफसरों को भी तलब कर वास्तविक जानकारी जुटाएगा। इसके बाद जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी।

सूत्र बताते हैं कि डोंगरगढ़ में सक्रिय भू-माफिया 10 से 15 एकड़ वन विभाग की सरकारी जमीन को निजी हाथों में बेच भू-माफियाओं ने बेच डाली है सरकारी जमीन, वन अफसरों की भूमिका की भी होगी जांच और यह खेल 2021 से लेकर 24 तक चलता रहा है। इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारी सरकारी जमीन को भूमाफियों के पास जाने से रोक नहीं पाए हैं। करोड़ों रुपए की यह जमीन अब निजी हाथों में चली गई है।

### तहसीलदार ने बनाई जांच कमेटी

तहसीलदार कमल किशोर साहू ने बताया कि वन विभाग की जमीन पर वन अफसरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो। भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने आज फिर दोहराया है कि डोंगरगढ़ में वन अफसरों की मिलीभगत से ही भू-माफिया ने सरकारी जमीन को बेचा है, इसलिए भू-माफिया के साथ-साथ वन विभाग के दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वन विभाग में करोड़ों रुपए की खरीदी और निर्माण कार्यों में भी भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी शिकायत भी उन्होंने वन विभाग के सचिव सहित अधिकारियों एवं ईओडब्ल्यू से की है, जब तक दोषी अफसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, यह कार्रवाई की मांग करते रहेंगे।

### अवैध कब्जा और बेचे जाने का मामला

राजस्व विभाग की जानकारी में आने के बाद राजस्व निरीक्षक और पटवारी को मिलाकर एक जांच कमेटी गठित की गई है। यह जांच कमेटी एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग के निर्माण कार्यों में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चार साल से दलाल कर रहे खेल, वन विभाग डोंगरगढ़ में दलालों एवं अधिकारियों की मिलीभगत से लगभग 10 एकड़ वन भूमि को बेचे जाने का सनसनी खेज मामला उजागर हुआ है। विगत चार साल से दलालों ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर यह खेल खेला है। अब इसकी शिकायत प्रधान मुख्य संरक्षक से की जाकर मामले की जांच की मांग की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले केदारवाडी से लेकर वार्ड नंबर 1 में बीते वर्ष 2021 से लेकर अब तक स्थानीय दलालों ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर लगभग 10 एकड़ वन भूमि अवैध प्लाटिंग करते बेच दिया है। इस मामले में डोंगरगढ़ के कई वन अफसर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। इसके अलावा सत्ताधारी दल का एक नेता भी इस कार्य में संलिप्त बताया गया है। स्थानीय पटवारी भी दस्तावेज की जांच किए बगैर रजिस्ट्री करने में मददगार रहे हैं। स्थानीय स्तर पर लगातार कार्रवाई की मांग की जाती रही है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने, निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ी, प्रधान मुख्य संरक्षक से की गई शिकायत के बाद अब इस मामले की शिकायत प्रधान मुख्य संरक्षक से की गई है। पता चला है कि शासन स्तर पर इस प्रकरण में जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

सूत्रों को कहना है कि अगर सही मायने में जांच की गई तो डोंगरगढ़ में वन विभाग की करोड़ों रुपए की जमीन दलालों द्वारा बेचे जाने का मामला प्रकाश में आएगा। अब जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आएगी। पता चला है कि विगत 5 सालों से वन विभाग की जमीन को बेचे जाने का गोरखधंधा चल रहा है।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि जो जानकारी उन तक आई है, उसके मुताबिक वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने ठेकदारों से मिलकर करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। पूर्व में जांच और कार्रवाई नहीं हो पाई है। अब कार्रवाई नहीं होने पर वन सचिव के अलावा ईओडब्ल्यू के पास शिकायत दर्ज कराकर वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग करेंगे।

### निर्माण कार्यों में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी

सूत्रों ने बताया है कि डोंगरगढ़ में वन विभाग के जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, सभी कार्यों में अनियमितता की बड़ी शिकायत सामने आई है। परिक्रमा पथ के निर्माण से लेकर कॉटेज का निर्माण भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बिगड़े वनों को बनाने के नाम पर फर्जी बिल वाउचर निकल गए हैं। इसके अलावा वनों की साफ-सफाई में भी गड़बड़ी की गई है। सूत्रों ने बताया है कि बाहर से ठेकेदारों को बुलाकर पूरा काम कराया जा रहा है। डोंगरगढ़ में वन भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग और घटिया निर्माण कार्य को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भारती ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को एक शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 2021 से 24 के बीच वन भूमि पर अवैध प्लाटिंग करते उन्हें बेचा जा रहा है। इसके पहले भी इस तरह का मामला सामने आया था। इसके अलावा वन विभाग के निर्माण कार्यों में भी करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की गई है। इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ वन विभाग में एसडीओ से लेकर जो भी रेंजर पदस्थ हैं, सबकी पोस्टिंग कांग्रेस शासनकाल में की गई थी। इन अफसरों ने जमकर गड़बड़ी की है। इन अफसरों के खिलाफ जांच होनी चाहिए।

### कमीशनबाजी के कारण गुणवत्ताहीन कार्य

जानकारी के अनुसार निर्माण कार्यों में 50 प्रतिशत तक कमीशनबाजी की जा रही है। जिसके कारण गुणवत्ता का भी कोई ख्याल नहीं रखा गया है। इस संबंध में एसडीओ से लेकर डीएफओ और कई वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में शिकायत की गई थी। कार्रवाई नहीं होने के बाद अब राज्य सरकार को शिकायत की गई है। शिकायत में अभी कहा गया है कि पुल-पुलिया के नाम पर फर्जी बिल निकल गए हैं, मजदूर में जो बयान दिया है, उसमें चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि उनके खाते में राशि डालकर आहरण कर लिया गया है। इस संबंध में डोंगरगढ़ के रेंजर भूपेंद्र यूके से उनका पक्ष लेने की कोशिश की गई। मोबाइल बंद होने के कारण वन विभाग का पक्ष नहीं मिल पाया है।

### प्रत्येक दिन कई विधा में गतिविधियों का संचालन

# तिलईरवार में बच्चों के समग्र विकास के लिए समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस पूरी समर कैंप के प्रभारी शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू को बनाया गया।

बाकी शिक्षकों की ड्यूटी ग्रुप बनाकर लगाया गया। प्रथम दिवस समर कैंप का प्रारंभ मां सरस्वती की फोटो की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात बच्चों को योगाभ्यास कराया गया और योग की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। श्री साहू ने बताया कि करो योग तो रहोगे निरोग। हम सभी को प्रतिदिन लगभग तीस मिनट योग अवश्य करना चाहिए। उसके बाद शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर खेल



गतिविधि का आनंद उठाया। जैसे कैरम बोर्ड, क्रिकेट, गिल्ली डंडा, बाटी, वॉलीबॉल, शतरंज, लूडो, फुटबॉल आदि। प्रत्येक दिन अलग-अलग विधा में गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर कुछ गीत, कविता और कहानियों का पठन कर आनंद उठाया। लाइब्रेरी की पुस्तकों का वाचन भी किया जा रहा है। साथ ही विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों में पानी डालने का काम, पक्षियों के लिए दाना-पानी हेतु सकोरे लगाने का काम, स्वच्छता का काम आदि में भी बच्चे स्वेच्छा से कार्य कर रहे हैं और बच्चे चित्रकला, निबंध और मेहंदी लगाने की कला से भी परिचित हो रहे हैं।

### बच्चों को किया जाएगा सम्मानित

व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि समर कैंप बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह उन्हें नए अनुभव प्राप्त करने और नए कौशल सीखने एवं सामाजिकता विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। इस समर कैंप में बच्चों को गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है। इस समर कैंप गतिविधियों का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु संस्था के प्रभारी प्राचार्य एके यदु ने टीके साहू प्रभारी शिक्षक एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# 12वीं में सीजी पब्लिक स्कूल का रोशन सिन्हा जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सीजी पब्लिक स्कूल के रोशन सिन्हा आत्मज हीरालाल सिन्हा ने कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में 500 में से 477 अंक (95.4 प्रतिशत) प्राप्त कर राजनांदगांव जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छग टॉपटेन की सूची में 10वां स्थान 479 में क्लोजिंग हुआ। केवल 2 अंकों से रोशन सिन्हा टॉपटेन की सूची से पीछे रह गया और उसने 477 अंक लेकर छत्तीसगढ़ में 12वां स्थान प्राप्त किया। जिसमें हिन्दी में 93, अंग्रेजी में 92, गणित में 97, भौतिकी में 96 तथा रसायन में 99 अंक प्राप्त कर संस्था व जिले का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं बोर्ड (अंग्रेजी माध्यम) की छात्रा युक्ति माटेकर ने कुल 600 अंक में से 580 अंक (96.66 प्रतिशत) प्राप्त कर राजनांदगांव जिले में तीसरा व टिकेशदीप टांडेकर ने कुल 600 अंक में से 579 अंक (96.50 प्रतिशत) प्राप्त कर राजनांदगांव में चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्था के सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते सीजी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों ने बधाई दी।

# शासन से आया आदेश कोर्स प्रारंभ होगा



**छुईखदान।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में अध्यनरत छात्राओं को अनुशासन व साहस की भावना और खेल कौशल के गुणों के साथ-साथ निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों को विकसित करने के उद्देश्य से शीघ्र ही एनसीसी कोर्स प्रारंभ किया जाएगा।

प्राचार्य अनिल पाल ने बताया कि इसका सीधा लाभ छात्राओं को मिलेगा। एनसीसी सर्टिफिकेट धारकों को आर्मी, एयर फोर्स, पुलिस, अर्धसैनिक बलों की भर्ती, सीआरपीएफ, अग्निवीर व अन्य सेवाओं में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। जिससे नौकरी आसानी से मिल जाती है। इस कोर्स के अलावा छात्राओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई जैसे सर्टिफिकेट कोर्स भी प्रारंभ किए जाएंगे।

# किसानों, मजदूरों को परेशान करना बंद करें

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने बताया कि तुमडीबोड पुलिस चौकी द्वारा लगातार डोंगरगढ़ रोड में तुमड़ीबोड और सिवनीखुर्द, बोदेला के बीच पुलिस द्वारा आए दिन पाईंट लगाकर स्थानीय लोगों से हेलमेट और लाइसेंस के नाम पर परेशान करने का काम कर रही है। जिससे क्षेत्रवासियों में तुमडीबोड पुलिस चौकी के भारी आक्रोश पनप रही है। श्री यादव ने कहा कि पुलिस द्वारा खेतीहर मजदूर किसान जो अपने खेती-बाड़ी बाजार के काम से आते-जाते हैं, उनको भी निशाना बनाकर परेशान करने का काम पुलिस कर रही है। खेती-बाड़ी के काम में जाने वाले किसान मजदूर हेलमेट पहनकर खेत जाए, यह संभव नहीं है। श्री यादव ने कहा कि तुमड़ीबोड पुलिस चौकी किसानों-मजदूरों को हेलमेट व लाईसेंस के नाम पर रोकना बंद करें, परेशान करना बंद करें नहीं तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर आगामी दिनों में तुमडीबोड पुलिस चौकी का घेराव करने के लिए क्षेत्रवासी मजबूर होंगे। जिसके जवाबदार वे स्वयं रहेंगे।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया आज

**डोंगरगांव।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में प्रवेश प्रकिया होनी है। जिसके लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन लिया गया। तत्पश्चात लॉटरी प्रक्रिया 8 मई को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। पात्र/अपात्र सूची विद्यालय सूचना पटल पर चस्पा की गई है। लॉटरी चयन समिति की अध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बांधे एवं सदस्य सहायक संचालक आदित्य खरे और संस्था प्राचार्य भरतलाल देवांगन होंगे।

## अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश लॉटरी पद्धति से कल

**भरेंगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक शाला भरेंगांव में 9 मई को सुबह 11 बजे से क्लास 1 में निर्धारित सीट से अधिक आवेदन की स्थिति में पात्र बच्चों का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा किया जाना है। लॉटरी द्वारा प्रवेश हेतु चयन सेजस चयन समिति अध्यक्ष हितेश्वरी बांधे (संयुक्त कलेक्टर), सदस्य बी. संगीता राव (सहायक संचालक) एवं एस. विजयन (संस्था प्राचार्य) की उपस्थिति में की जाएगी। शेष कक्षाओं में लॉटरी की आवश्यकता नहीं है।

## चारभाठा स्कूल की रिद्धी 5वी में अव्वल



**सड़क अतरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला चारभांठा की रिद्धि मानिकपुरी ने कक्षा 5वीं में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर उनके शिक्षकों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## हुलेश्वरी को जिले में मिला दसवां स्थान



**सड़क अतरिया।** शासकीय उ.मा. विद्यालय धोधा में हुलेश्वरी साहू ने 10वीं बोर्ड कक्षा में 94.83 अंक प्राप्त कर जिला केसीजी दसवां स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। उसने 600 में 569 अंक प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरूजनों को दिया।

## चंचल ने जिला में तीसरा स्थान किया हासिल



**सड़क अतरिया।** शासकीय उ.मा. विद्यालय धोधा से चंचल देवांगन कक्षा 12वीं बोर्ड के परिणाम में 91.20 प्रतिशत अंक के साथ जिला केसीजी मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। छात्र की सफलता पर विद्यालय, परिवार एवं स्वजनों ने उनका मुंह मीठा कराकर बधाई दी। उसने 500 में 456 अंक प्राप्त किया है।

### बोर्ड परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने दिखाया दमखम

# जिले की 10वीं-12वीं टॉपटेन सूची में शहरी बच्चे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

माशिमं द्वारा दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के घोषित नतीजों में जिले के 85.31 प्रतिशत ने बारहवीं और 70.40 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा पास की है। जारी नतीजों के अनुसार जिले में बारहवीं की टॉप टेन की सूची में 95.20 प्रतिशत अंको के साथ दुईखदान ब्लाक के ठाकुरटोला सरकारी स्कूल के धनंजय पिता कृष्णा साहू पहले स्थान पर है।

पंकज पिता धनीराम ठाकुरटोला स्कूल 92.80 दूसरे, चंचल पिता बुधराम देवांगन धोध गंडई 91.20 तीसरे, तृप्ति पिता थान सिंह साहू मुढ़ीपार 90.90 चौथे, राधा पिता गणेश गुप्ता आत्मानंद स्कूल जालबांधा 90.80 पांचवे, भावेश पिता संजय ठेलकाडीह स्कूल 90.80 छठे, जागेश्वर पिता दिलीप आत्मानंद स्कूल जालबांधा 90.60 सातवे, सोमेश पिता भीष्म पांडादाह स्कूल 89.80 आठवे, केसरी पिता बंशीलाल पांडादाह स्कूल 89.40 नवमें, भूमिका पिता मंतराम देवांगन आत्मानंद गंडई 89.20 दसवें, अंजली पिता नैनदास ठेलकाडीह स्कूल 89 ग्यारहवें, कुमकुम पिता उत्तम पांडादाह स्कूल 89 बारहवें, पम्मी पिता रिखीलाल चंदेल कन्या शाला गंडई 89 तेरहवें और तुकेश्वर पिता छबिलाल यादव बाजार अतरिया 88.80 प्रतिशत अंक पाकर चौदहवें स्थान पर रहे। जारी नतीजों में लगभग सभी बच्चे सरकारी स्कूल में अध्ययनरत है जिसमें पांडादाह स्कूल के तीन, ठेलकाडीह स्कूल के दो, ठाकुरटोला के दो बच्चों सहित धोधा गंडई स्कूल, बाजार अतरिया, मुढ़ीपार, गंडई, छुईखदान के बच्चों ने टॉप टेन मे जगह बनाया है। दसवी बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉप टेन सूची में यामिनी पिता सुरेश निषाद पपु बक्शी आत्मानंद स्कूल खैरागढ़ 97.17 पहले, चांदनी पिता विष्णुदास साहू टोलागांव 95.83 दूसरे, देवकी पिता शिवचरण आत्मानंद स्कूल जालबांधा 95.67 तीसरे, मनीषा पिता दूजराम आत्मानंद स्कूल जालबांधा 95.50 चौथे, जासमीन बानो पिता बल्लू अली आत्मानंद स्कूल गंडई 95.50 पांचवे, तुबा तंजील पिता तबरेज खान आत्मानंद स्कूल गंडई 95 छठवे, यामिनी पिता अजीत सिंहा गातापार कला स्कूल 95 सातवे, ईश्वर पिता दिलीप बंजारे कामठा स्कूल 94.83 आठवे, गौरी पिता विनोद सोनी आत्मानंद स्कूल गंडई 94.83 नवमे, हुलेश्वरी पिता बालाराम साहू धोधा स्कूल 94.83 प्रतिशत अंको के साथ दसवे स्थान पर रही जबकि खिलेश्वरी पिता बहुर सिंह वर्मा भांडारपुर स्कूल 94.67, पायल पिता भगतराम वर्मा चंदैनी स्कूल 94.33, जय पिता ललित जंघेल आत्मानंद गंडई 94.33, सोमेश पिता मुकेश मोटवानी आत्मांनद स्कूल गंडई 94.33, अरविंद पिता प्रीतम साहू पपु बक्शी आत्मानंद स्कूल खैरागढ़ 94, साहिल पिता मनोज मदराकुही स्कूल 94 और जलज पिता गजेंद्र पटेल 93.50 प्रतिशत अंक पाकर क्रमशः ग्यारहवें से सत्रहवें स्थान पर रहे। जिले से दसवीं बोर्ड परीक्षा में 5838 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 5772 शामिल हुए थे जिसमें 1829 प्रथम, 1919 द्वितीय और 275 तृतीय श्रेणी मे पास हुए जबकि 1340 फेल और 351 को अलग-अलग विषयों में पूरक मिला। इसी प्रकार बाहरवी बोर्ड परीक्षा में कला संकाय के 1962 में 1668 पास, 121 फेल और 166 को पूरक मिला। विज्ञान संकाय के 1227 में 1033 पास, 65 फेल और 125 को पूरक, वाणिज्य संकाय के 509 में 455 पास, 25 फेल और 28 पूरक रहे जबकि कृषि संकाय के 183 में 145 पास, 18 फेल और 20 को पूरक मिला। चारों संकायों को मिलाकर 3881 ने परीक्षा दी थी जिसमे 1720 प्रथम, 1478 द्वितीय और 103 तृतीय श्रेणी में पास हुए। कुल परीक्षार्थियों में 229 को असफलता हाथ लगी जबकि 339 अलग-अलग विषयों में पूरक के पात्र बने। टॉप टेन मे जगह बनाने वाले बच्चों सहित सभी सफल परीक्षार्थियों को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी, खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत और छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना सहित अन्य ने बधाई दी है।

**सालभर नहीं दिया शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान**

व्यापम द्वारा बारहवीं और दसवीं कक्षा की मेरिट सूची में बीते साल जहां जिले के मरकामटोला और शेरगढ़ के बच्चों का नाम शामिल हुआ था, लेकिन पूरा शैक्षणिक सत्र शिक्षा गुणवत्ता बनाए रखने की जगह विभाग ने भवनों के मरम्मत संधारण और अन्य गतिविधियों में लगा दिया और मूल कार्य को दरकिनार कर दिया जिसके चलते इस साल जिले से किसी भी बच्चे का नाम मेरिट सूची में नही है हालांकि शिक्षा विभाग परीक्षा फल में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी उपलब्धि बताकर खुद का पीठ थपथपा रहा है।

## आज होगी पीईटी-पीपीएचटी परीक्षा, रश्मिदेवी कालेज केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज में आज छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित पीईटी और पीपीएचटी परीक्षा दो पालियों में होगी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में पहली पाली में सुबह 9 से सवा बारह बजे तक प्री इंजिनियरिंग परीक्षा और दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम सवा पांच बजे तक प्री फॉर्मेसी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।


नोडल अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर सुमन राज ने बताया की पीईटी परीक्षा में 181 और पीपीएचटी परीक्षा में 368 विद्यार्थी रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र मे शामिल होंगे। जिला समंवयक डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे ने बताया की परीक्षा की आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अनिवार्य रूप से मूल पहचान पत्र (वोटर आईडी/ड्रायविंग लाईसेंस/आधार कार्ड/पेन कार्ड/पासपोर्ट, महाविद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र) और व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, काला अथवा बाल पेन लेकर परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। किसी भी पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित अवधि बाद व्यापम के निर्देशानुसार किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा उन्होंने असुविधा से बचने के लिए समय का विशेष ध्यान रखने कहा है।

### मोहला में 400 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**मोहला।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा पीईटी 25 एवं पीपीएचटी 25 प्रवेश परीक्षा 8 मई गुरुवार को आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी से कुल 400 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहला को एकमात्र परीक्षा केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। पीईटी परीक्षा प्रातः 9 बजे से 12.15 बजे तक तथा पीपीएचटी परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अनिवार्य रूप से साथ लाएं। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नकल एवं अन्य अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए उडनदस्ता दल गठित किया गया है तथा परीक्षा केंद्र पर गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन व संग्रह हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति और पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। महत्वपूर्ण सूचना प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे के बाद, द्वितीय पाली में 2 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## तेंदुआ का दहशत, वन विभाग कर रहा निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



अछोली के बगदई पारा सुदर्शनगिरी पहाड़ी में एक सप्ताह से तेंदुआ की उपस्थिति की दहशत बनी हुई है, जहां शाम होते ही आसपास क्षेत्रों में लोग घर से बाहर भी नहीं निकल रहे। वहीं रात्रि में तेंदुआ पहाड़ी से उतरकर आसपास के कुत्ते का शिकार कर रहा है।

डोंगरगढ़ उप वन मंडल के अंतर्गत पहाड़ी के चारो ओर वन विभाग ने घेराबंदी करने के साथ - साथ अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में तेंदुआ पर नजर बनाते उसे पकडने के प्रयास में लगी है। पहाड़ी के उपर ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि सुदर्शनगिरी पहाड़ी के आसपास मुर्गी फार्म के अवशेष एवं मटन मार्केट दुकानों के कचरे का जमावड़ा होने के कारण वहां कुत्तों का झुंड होता है। बताया जाता है कि शाम के समय गुफा से निकलकर पहाड़ियों में चहल-कदमी करते देखा जा रहा है। जबकि देर रात शिकार करने के बाद वह प्रातः 6 बजे तक पहाड़ियों में घूमता दिखई दे रहा है। एक सप्ताह बीतने के बावजूद वन अमला तेंदुआ को पकड़ने में नाकाम है। जबकि पहाड़ी से लगे बस्तियों में तेंदुआ के खौफ के कारण लोग दिन में भी घर से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। घर के लोगों ने बच्चों को बाहर निकलने से भी रोक रखा है। शासकीय अस्पताल, आईटीआई एवं अधिकारी-कर्मचारियों की कालोनी के अलावा पहाड़ी के चारो ओर कई शासकीय कार्यालय के साथ सैकड़ों लोगों के मकान है। वहां स्थित लोगों का मानना है कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए शासन-प्रशासन कोई गंभीर पहल नहीं कर रहा है और भविष्य में एक बड़ी घटना को लेकर दहशत का माहौल भी बना हुआ है।

## निर्यात संवर्धन और पीएमएफएमई योजना पर जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कलेक्टोरेट में जिला निर्यात संवर्धन समिति और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की।

वर्चुअल माध्यम से डीजीएफटी नागपुर के सहायक निदेशक स्नेहल ढोके ने डिस्ट्रिक्ट एस एक्सपोर्ट हब योजना तहत एक से अधिक उत्पादों के चयन की अनुमति की जानकारी दी।

जिले से चना, सोयाबीन, चावल, अरहर, मूंग, मुनगा, कपास जैसे उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा बाद भारत सरकार की विभिन्न निर्यात संवर्धन योजनाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डाक विभाग, एपीईडी व एमएसएमई से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उन्होने दी। बैठक में महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने जिले में चना उत्पादन की प्रचुरता और इसकी विपणन क्षमता को ध्यान में रखते हुए पीएमएफएमई के तहत चना को ओडीओपी उत्पाद के रूप में चयनित किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसे समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। बैठक में जैविक उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

**विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा विभाग**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्यात योग्य उत्पादों की सूची तैयार करें और आगामी बैठक में उस पर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इस दौरान उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यानिकी रवीन्द्र मेहरा, नाबार्ड जिला प्रबंधक हर्ष देशमुख, मछली पालन विभाग के सहायक संचालक प्रदीप भोले, एसआरएलएम जिला कार्यक्रम प्रबंधक उमेश कुमार तिवारी, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के डीन डॉ अविनाश गुप्ता, प्राध्यापक डॉ बीएस असाटी, लीड बैंक प्रबंधक आशीष सरादे, स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक संगठन के सीईओ आकाश कुड़ापा, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष मो असलम मेमन और स्व-सहायता समूह पद्म जय मां गायत्री की सचिव सुनीता वर्मा उपस्थित थी।

## मकानों में बिल्ला लगाने के नाम पर वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



- जनपद सदस्य सरिता के विरोध के बाद जनपद सीईओ ने अनुमति को किया रद्द

डोंगरगांव क्षेत्र के गांव-गांव में मकान में स्वच्छ भारत का बिल्ला ठोकने के नाम पर ग्रामीणों से 50-50 रुपए की वसूली किए जाने की शिकायत पर जनपद पंचायत सदस्य सरिता मदन साहू ने विरोध जताया था। उसके बाद डोंगरगांव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मकान में बिल्ला ठोकने पैसे लेने की अनुमति को निरस्त कर दिया है। श्रीमती साहू ने कहा कि उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विकासखंड डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के अंतर्गत सभी ग्रामों में ग्रामीणों ने जनजागरूकता लाने स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता है, जहां जिंदगी है वहां, बहू-बेटियां दूर न जाए, घर में शौचालय बनवाए जैसे विभिन्न प्रकार के एल्युमिनियम नंबर प्लेट लगाकर लगाने का उल्लेख किया गया है। साथ ही नंबर प्लेट का मूल्य 50 रुपए शुल्क मकान मालिक द्वारा स्वयं वहन करने तथा उसमें किसी प्रकार का कोई शासकीय व्यय नहीं करने का उल्लेख किया गया है। मकान मालिक के अनुमति उपरांत ही नंबर प्लेट लगाया जाएगा। मकान नंबर प्लेट लगाने में संबंधित व्यक्ति को सरपंच, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं कोटवार आवश्यक सहयोग प्रदान का आदेश जारी किया गया था।

डोंगरगांव एसडीएम के आदेश पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गांव में स्वच्छ भारत का बिल्ला ठोकने के नाम पर 50-50 रुपए प्रत्येक घर से लिए जाने का अनुमति दिया था। जिसमें कई घरों से बिल्ला ठोकने के नाम पर 50-50 रुपए लिया भी गया है। क्षेत्र के गांव में कई घर आते हैं। जिसमें लाखों रुपए का वसूली हो सकता था, लेकिन विरोध करने के बाद यह आदेश किसके कहने पर निरस्त किया गया। इसकी जांच होनी चाहिए और साथ ही कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

## धोबेदंड और मानपुर के सीतागांव में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज 8 मई को जनपद पंचायत मोहला के धोबेदंड और जनपद पंचायत मानपुर के सीतागांव में आज समाधान सिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

## देश की सेना व पीएम मोदी पर भारतीयों को गर्व



**खुज्जी।** पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान में 9 जगहों पर स्ट्राइक की है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के इस ऑपरेशन पर भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने इस ऐतिहासिक पल पर लोगों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देश के सेना पर भारतीयों को गर्व है। कैलाश शर्मा ने कहा कि हमारी सेना मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्तिशाली है, जो दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर करारा जवाब दिया है। पूरा देश गौरवान्वित और आनंदित है। ऑपरेशन सिंदूर का नाम स्पष्ट करता है कि सिंदूर पर हाथ डालने वालों और गलत निगाह रखने वालों को सेना ने सबक सिखाया है।

## 9 तक प्राईस मैचिंग का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा अतिशेष धान की प्रथम चरण की नीलामी 17 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से किया गया है। उक्त नीलामी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दर वाले एच-1 निविदाकर्ता को 5 से 6 मई तक ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से प्राईस मैचिंग का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। किन्हीं कारणों से एच-1 निविदाकार द्वारा प्राईस मैच नहीं किया गया हो तो उन्हें 7 मई को प्राईस मैचिंग के लिए पुनः अवसर दिया गया।

मोहला-मानपुर-चौकी जिला राईस मिल एसोसिएशन के संरक्षक संजय जैन ने बताया कि वह स्टेक जिनका एच-1 निविदाकार द्वारा प्राईस मैच नहीं किया गया है, उन स्टेकों को एच-1 निविदाकार सहित अन्य निविदाकारों एवं नए इच्छुक बोलीकर्ता (नवीन पंजीयन कर) को 8 से 9 मई 2025 तक प्राईस मैचिंग का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एम-जक्शन के ऑनलाइन प्लेटफार्म में पंजीकृत सभी बीडर इस निविदा में भाग ले सकते हैं। सभी पंजीकृत बिडर को आगामी सभी बिडिंग की समय सारिणी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बिडर एम-जक्शन की वेबसाइट cgmarkfed.mjunction.in से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सरहदी सीमा विवाद के संबंध में ली ग्रामीणों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- सरहद का निर्धारण वन विभाग द्वारा किया जाएगा

जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने ग्राम परवीडीह एवं ग्राम हिड़कोटोला के सरहदी सीमा विवाद के संबंध में बैठक ली।

बैठक में डीएफओ दिनेश पटेल, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, ग्राम परवीडीह एवं ग्राम हिड़कोटोला के ग्रामवासियों की उपस्थिति में सीमा विवाद के संबंध में चर्चा किया गया। मीटिंग में दोनों ग्राम के ग्रामवासी की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि दोनों ग्रामों के बीच जंगल कक्ष क्रमांक पीएफ 561 एवं 562 में सरहद का निर्धारण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। विभाग द्वारा सरहद का निर्धारण किया जाएगा उसमें दोनों ग्राम को मान्य होगा। निर्णय से दोनों ग्राम के द्वारा समिति दी गई है।

## सांसद ने एमएमसी जिले के कंदाड़ी में किया स्कूल भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोहला-मानपुर-अं. चौकी के ग्राम पंचायत कंदाड़ी में नवीन भवन शा.उ.मा. विद्यालय कंदाडी में हायर सेकंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना व कुदाली चलाकर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि सांसद पांडे ने कहा कि स्कूल में शिक्षा का बहुत महत्व है। यह छात्रों को ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है, जो उन्हें जीवन में सफल होने और समाज में योगदान करने में मदद करती है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता और जीवन में सफलता प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है।

स्कूल में शिक्षा छात्रों को विभिन्न विषयों के बारे में ज्ञान प्रदान करती है। जैसे विज्ञान, गणित, इतिहास और भाषाएं। यह उन्हें महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाती है। जैसे पढ़ना, लिखना और आलोचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता। इस अवसर पर अध्यक्षता मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, जनपद अध्यक्ष पुष्पाबाई मंडावी, जनपद सदस्य मंगतूराम कोमरे समेत मदनलाल साहू, प्रकाश मिश्रा, कंचनमाला भुआर्य, देवसाय मंडावी, सुखेंद्र सिंह भुआर्य, विशिष्ट अतिथि फत्तेराम कोसरिया, एआर कौर, एनआर नेताम, पिलेश्वरी समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**शिक्षा छात्रों को सामाजिक कौशल भी सीखाती है**

श्री पांडे ने कहा कि शिक्षा छात्रों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है, जब छात्र शिक्षित होते हैं तो वे अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय ले सकते हैं और अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। शिक्षा छात्रों को सामाजिक कौशल भी सिखाती है। जैसे सहयोग, संचार और नेतृत्व। यह उन्हें समाज में एक बेहतर नागरिक बनने में मदद करती है।

## कार्यशाला में शहर विकास का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ नगर विकास को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से नगर सुराज संगम रायपुर की कार्यशाला में शामिल होकर शहर विकास का प्रस्ताव दिए।

साथ ही उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा प्रदेश के सभी नगर पालिका अध्यक्षों, नगर पंचायत अध्यक्षों से एक-एक कर सुझाव भी मांगे। जिसमें रमन डोंगरे ने शहर में प्रमुख रूप से पट्टा प्रदाय, पानी की समस्या, तालाबों एवं मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को प्रमुखता से रखा गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पट्टे के संबंध में प्रक्रिया विचाराधीन है। सरकार विचार कर रही है एवं जल्द ही खुशखबरी मिलने की बात कही। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी सभापति अमित जैन, डिकेश राव, सुमित ताम्रकार, हरीश मोटघरे, देवेंद्र साखरे, अनमोल बागडे उपस्थित थे।

## सार समाचार

### कलेक्टर ने वार्डों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बुधवार सुबह राजनांदगांव शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 5 में पेयजल, साफ-सफाई



व्यवस्था, विद्युत एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नवागांव सेनिटेशन पार्क ट्रेंचिंग ग्राऊंड का अवलोकन कर कचरा निपटान एवं खाद बनाने की प्रक्रिया देखी तथा स्वच्छता दीदीयों से चर्चा करते कहा कि कचरे का समुचित निपटान करें। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली तथा प्लास्टिक वेस्ट अलग करने कहा। उन्होंने कहा कि घर से ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग लें। इस संबंध में जागरूकता लाने की आवश्यकता है, ताकि नागरिक गीले एवं सूखे कचरे को अलग कर स्वच्छता दीदी को प्रदान करें, इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर डॉ. भुरे ने नवागांव पानी टंकी का निरीक्षण किया तथा वाल्वमैन से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नवागांव में लो-वोल्टेज के संबंध शिकायत मिलने पर इसे दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाबूटोला, ढाबा में वार्डवासियों से रूबरू हुए और उन्होंने पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चिखली में नाला निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण करने कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके सहित वार्ड पार्षद एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।
क्रमांक 34

### गुणवत्ताहीन सड़क देखने निकले महापौरः ओस्तवाल



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने महापौर से कहा कि 10 करोड़ की लागत की गुणवत्ताहीन सड़क देखने वह सड़क पर उतरे। श्री ओस्तवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद नगर निगम राजनांदगांव में भी शहर की जनता ने बड़े विश्वास और उम्मीदों के साथ भाजपा के महापौर सहित निर्वाचित पार्षदों को बहुमत के साथ जीताकर भेजा था। राजनांदगांव शहर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत शहर की आम जनता को अच्छी सड़क का निर्माण कर चलने लायक दिया जाएगा, लेकिन वैसा होता नहीं दिख रहा है? उन्होंने कहा कि पूर्व महापौर हेमा देशमुख के कार्यकाल में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत की सड़क डामरीकरण भष्ट्राचार और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते भ्रष्ट ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई?

### प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 8 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव की अध्यक्षता में 8 मई को शाम 5.30 बजे स्टेडियम कॉन्फ्रेंस हॉल में स्टेडियम समिति के सफल संचालन हेतु स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### पात्र हितग्राहियों का 15 तक किया जाएगा सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, जिसे 15 मई तक वृद्धि की गई है। प्रगणकों द्वारा आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत सर्वेक्षण में छूटे हुए पात्र हितग्राही ग्राम पंचायतों के प्रगणकों से संपर्क कर 15 मई तक अपना नाम सर्वे में शामिल करा सकते हैं।

### छुरिया महाराजपुर के शिविर में 2614 आवेदनों का निराकरण

# शिविर में कलेक्टर ने समस्याओं को सुनकर दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत बुधवार को छुरिया विकासखंड के ग्राम महाराजपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में शामिल हुए। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम भंडारपुर, घोघरे, हालेकोसा, जरहामहका, झिथराटोला, लालूटोला, मगरधोखरा, महाराजपुर, नागरकोहरा, पिनकापार, रामपुर, रंगीटोला, शिकारीटोला, कल्लूटोला के मांग एवं शिकायतों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जनप्रनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में 2615 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 2614 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, जनपद सदस्य सुनिता सेवता, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





#### लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वहीं आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में मोटराईज्ड ट्रायसायकल, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, सिंचाई के लिए पाईप सहित विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### ज्ञान ज्योति हाई स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विगत 25 वर्षों से निरंतर संचालित ज्ञान ज्योति विद्यालय रेवाडीह राजनांदगांव के पांचवी, आठवीं व दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिनमें सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्राचार्य नीरज पंचभावे ने बताया कि कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवी बोर्ड के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिनमें कक्षा पांचवी बोर्ड में संस्कार साहू ने सर्वाधिक 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में खुशबू साहू ने 86.33 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दसवी बोर्ड परीक्षा में 83.83 प्रतिशत प्राप्त कर हेमंत सोनी ने कला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और जानकारी दी की विद्यालय में नए विद्यार्थियों का प्रवेश आरंभ है।

### नीलम देवांगन सभी संकाय में प्रथम



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्तर माध्यमिक शाला रेगांकठेरा (बखत) की छात्रा नीलम देवांगन पिता संतोष देवांगन व माता प्रेमबाई देवांगन ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी शाला व परिवार का नाम रौशन किया है। नीलम सभी संकाय से प्रथम स्थान हासिल की है।

## बिजली संकट से ग्रामीण बेहाल

- लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य सरकार जहां इन दिनों सुशासन तिहार मना रही है। वहीं राजनांदगांव जिले के ग्राम सोमनी और उसके आसपास के गांव बिजली संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। क्षेत्र के करीब 26 से 28 गांव में पिछले कई दिनों से लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली ने ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है।



सोमनी के कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर मंगलवार को बिजली विभाग के सब-डिवीजन कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द स्थायी और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान कनिष्ठ अभियंता धर्मसिंह खोब्रागढ़े ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं और ओवर लोडिंग के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसे सुधारने का कार्य जारी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग समस्याओं को प्राकृतिक आपदा का नाम देकर पल्ला झाड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, पूर्व जनपद सदस्य टेकूराम साहू (टिंकू), बैगाटोला सरपंच कमल साहू, ककरेल सरपंच अभिषेक पाटीला, सांकरा सरपंच प्रतिनिधि ललित साहू, लेखू टंडन, हेमचंद यदु, मोरध्वज साव, शेषनारायण साहू, कुलेश्वर साहू, भूपेंद्र पटेल, सचिन यादव, नितेश अग्रवाल, शिव पाल, लीलेश साहू, ताम्रध्वज साहू, नरेंद्र खुंटे, खिलावन वैष्णव, मिथिलेश यदु, सोनू सेन, कामसेन एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## स्वयंसेवक संचालित कर रहे समर कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन शिक्षा तथा स्किलिंग में कार्यरत समाजसेवी संस्था राजनांदगांव जिले 2 विकासखंड के 100 विलेज में स्वयंसेवक द्वारा समर कैम्प आयोजन करेगी। समर कैम्प में मुखतः विकासखंड डोंगरगढ़ और राजनांदगांव के विभिन्न गांव में 6 सप्ताह का समर कैम्प किया जा रहा है। यह समर कैम्प 1 मई से लगभग 10 जून तक किया जा रहा है। सर्वप्रथम 1 मई से पहले सप्ताह ग्रामीण स्तर पर स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इसमें जिले के लगभग 200 स्वयंसेवक समर कैम्प का हिस्सा बनेंगे।

स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा के सेंटर हेड सुभाष डोंगरे ने बताया कि स्वयंसेवक को प्रशिक्षण तथा समर कैम्प की साहित्य-सामग्री प्रदान की गई है। अंत में प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

गर्मी की छुट्टियों में प्रथम कक्षा 4 व 5 (नए सत्र में कक्षा 5 और 6 में प्रवेश लेने वाले) तक के बच्चों के लिए एक समर कैंप आयोजित करने जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों की कक्षा के स्तर के अनुसार पढ़ने-लिखने और बुनियादी गणित की क्षमताओं को मजबूत करना है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अभी भी कई बच्चे अपनी कक्षा के अपेक्षित पाठ्यक्रम के स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं। इस कार्य के प्रथम हॉस्पिटैलिटी ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा के धनेश्वर साहू, आयुषी राजपूत, धनेश्वरी टेम्भुलकर, प्रदीप सिन्हा तथा सुभाष डोंगरे आदि सदस्य समर कैम्प में मदद करेंगे तथा स्वयंसेवकों से समर कैम्प बेहतरीन संचालन के लिए नियमित संपर्क में रहेंगे।



#### नहीं रहेगा बैग का बोझ, खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की खेल-खेल में पढ़ाई जारी रखने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने समर कैंप की शुरूआत की है। इसके लिए जिले के अलग-अलग ब्लॉकों से 100 वालंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। रोचक तरीके से पढ़ाने, कहानी सुनाने की कला, भाषा की दक्षता और खेलों के माध्यम से पढ़ाई कराने की तकनीकें सिखाई गईं। 5वीं से 6वीं कक्षा में जाने वाले बच्चों को रोज दो घंटे पढ़ाएंगे। यह शिक्षण कार्य अगले पांच हफ्तों तक चलेगा। इसका उद्देश्य बच्चों को अगली कक्षा के लिए तैयार करना है। साथ ही छुट्टियों में उन्हें पढ़ाई से जोड़े रखना है।

## पूर्व छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अपनी शिक्षा पूरी कर घर-परिवार बसा चुके 2004-05 शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान के लिए रियूनियन प्रोग्राम का आयोजन किया। 4 मई को स्थानीय एबिस ग्रीन होटल में संध्या 6 से रात 11 बजे तक बच्चों ने अपने स्कूली समय को याद किया और उस वक्त की बाल सुलभ शैतानियों के साथ खूब मजे किए।

कौन कहता है कि पढ़ने-लिखने के बाद बच्चे अपनी जवाबदारी में पड़ने के बाद अपने गुरुओं को भूल जाते हैं ? इसे पूरी तरह गलत सिद्ध करते वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने एक रियूनियन प्रोग्राम का आयोजन कर पुराने दिनों को याद किया। उस वक्त उनकी बदमाशी को सुधारने की समझाइश देने वाले शिक्षकों के मार्गदर्शन को उन्होंने उनके जीवन को सही दिशा देने वाला अनुशासन बताया । शाम 6 बजे अपने शिक्षकों का उत्साहपूर्वक अभिनंदन करने के उपरांत उन्होंने उनके आशीर्वचन को भी बड़ी गंभीरता के साथ सुना। परिचय के दौर में हर विद्यार्थी ने अपने संघर्ष से लेकर वर्तमान सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचने की कहानी भी बखूबी बताई। लगभग 60 की संख्या में पधारे विद्यार्थियों में युवक-युवतियों की झलक के साथ कर्तव्यनिष्ठ माता-पिता को पाकर शिक्षकों ने भी खुद को गौरवान्वित महसूस किया। अपने शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों ने जहां डिनर की व्यवस्था की। वहीं सभी शिक्षकों को यादगार उपहार भी प्रदान किए। अंत में उनके एक निवेदन पर कार्यक्रम में पधारे शिक्षकों का धन्यवाद किया गया।

### प्रवेश के लिए लॉटरी 10 को

**राजनांदगांव।** पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में कक्षा पहली के रिक्त 50 सीटों पर प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के पश्चात पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में बच्चों के पालक 8 मई तक दावा-आपत्ति कार्यालयीन अवधि में दर्ज करा सकते हैं। प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन विद्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया के बाद 10 मई को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय गठित समिति के सदस्यों एवं पालकों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली जाएगी।

## फेडरेशन ने फोड़े पटाखे और खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासन द्वारा कर्मचारियों के हितों के लिए कई अच्छे नियम बनाए जाते हैं, लेकिन सरकार को कर्मचारियों के हित में बनाए गए नियम रास नहीं आते और उनके हकों पर समय-समय में कुठाराघात कर कर्मचारी वर्ग को सताने का काम करते हैं।

प्रदेश के एक लाख से अधिक एलबी संवर्ग के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने 10 वर्ष सेवा के बाद भी पदोन्नति नहीं दिया। जबकि 7 वर्ष में पदोन्नति का नियम है। पदोन्नति न देने की स्थिति में 10 वर्ष में प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान और 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नति का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष मनीष मिश्रा, रविन्द्र राठौर और बसंत कौशिक, जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू व जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू ने बताया कि सोना साहू जो 10 वर्षों से अधिक समय तक सहायक शिक्षक के रूप में सेवा प्रदान की थी।

राजनांदगांव जिले में भी उत्साहित शिक्षकों ने भी हाईकोर्ट बिलासपुर में क्रमोन्नत वेतनमान के लिए केस दायर के लिए पूरी तरह तैयार है , जो शीघ्र ही बढ़कर हजारों की संख्या में हो सकती है। इधर सर्वोच्च न्यायालय से भी सोना साहू द्वारा केस जीत लिया गया। 6 मई को हाईकोर्ट में केस की सुनवाई के पहले ही सोना साहू को शिक्षा विभाग ने एरियर्स राशि जारी कर दिया है। जयस्तंभ चौक राजनांदगांव में पटाखे फोड़ने और मिठाई बांटकर और एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के रमेश कुमार साहू, मिलन साहू, ओमप्रकाश साहू, रोशन साहू, भरत साहू, हीरालाल मौर्य, कीरत गणवीर, मंजू देवांगन, बंदिश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, अमिताभ दुफारे, ललित प्रताप सिंह, राजेश पंचभाई, अतुल यदु, प्यारेलाल साहू, राजेश देवांगन, मुकेश देवांगन, भुनेश्वर सेन, भूपेंद्र बोरकर, विजय बरई, रत्ना देवांगन, सरस्वती सिन्हा, अखिलेश सिन्हा, दुलार सिंग, मनोज निषाद, रूपचंद बिदानी आदि उपस्थित थे।

## मुरमुंदा भरूहाटोला स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा



शासकीय प्राथमिक शाला-भरूहाटोला, संकुल उरईडबरी में 5 मई को प्रधान पाठक धनुष राम कंवर, शिक्षक संजीव कुमार चन्द्रवंशी के अगुवाई मे अंकसूची वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित किए गए। जिसमें कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों को अतिथियों के द्वारा तिलक गुलाल का अभिषेक कर अंकसूची सह मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता,अनुशासन, सांस्कृतिक, खेलकूद, बागवानी एवं अधिक उपस्थिति वाले बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से कक्षा 5वीं तक प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल सह मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेमदास उईके, राजेन्द्र मंडावी, राजेन्द्र साहू, जमुना ठाकुर, मैना साहू, भेद बाई वर्मा, वेनु वर्मा, अन्नपूर्णा साहू, महेश्वरी मंडावी, भारती साहू, गनेशिया, ज्ञान बाई, इंदर बाई, बिसरी बाई आदि उपस्थित रहे।

## गायत्री विद्यापीठ के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों तथा शाला परिवार में खुशी का वातावरण बना हुआ है। कक्षा 10वीं के 85 विद्यार्थियों में से प्रथम मानसी साहू 96 प्रतिशत के साथ जिले में पांचवा स्थान प्राप्त की है। द्वितीय देव्यांश गौतम 94.8 प्रतिशत एवं तृतीय मृत्युंजय गुप्ता 94.16 प्रतिशत रहे।

कक्षा 12वीं के 96 विद्यार्थियों में से गणित संकाय में प्रथम वाणी चौहान 78 प्रतिशत, द्वितीय गौरव देवांगन 76.8 प्रतिशत, तृतीय ईशा सोनबरसा 76.2 प्रतिशत रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम पायल कोटेचा 87 प्रतिशत, द्वितीय प्रतीक मेश्राम 85.8 प्रतिशत, तृतीय दीपिका कुमावत 83 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम राशि रंगारी 93.8 प्रतिशत के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है। द्वितीय ऋषभ जैन 90 प्रतिशत, दृष्टि राठौर 89 प्रतिशत रहे।

शाला प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत-लगन के साथ अभिभावक एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। कड़ी मेहनत एवं सतत अभ्यास के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, पिंकी खंडेलवाल, शैलजा नायर, सीमा श्रीवास्तव, वंदना डुंभरे, रश्मि ठाकुर, तामेश्वरी साहू, प्रणव दवे एवं मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते बधाई दी।



## उपमुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में 29 लाख रुपए की लागत से भेदली में महतारी सदन निर्माण की घोषणा की

# गांव-गांव पहुंचा सुशासन तिहार, जिले में समाधान शिविर बना विकास का मंच

■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने लाभार्थियों से जाना योजनाओं का असर।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम धमकी में आयोजित समाधान शिविर में शिरकत कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में 29 लाख रुपए की लागत से ग्राम भेदली में महतारी सदन निर्माण की घोषणा की। इस दौरान शिविर में विभिन्न योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अन्न प्रासन कराया गया।

इस अवसर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, वीरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी साहू, श्रीमती इंदू पटेल, विजय पटेल, सरपंच वासुदेव नट सहित जनप्रतिनिधि, कलस्टर से आएं ग्रामीण उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री शिविरों में उपस्थित होकर आमजन से मिल रहे हैं और उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में आई शिकायतों की जांच कार्यवाही गई और दोषियों को दंडित किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बनने के बाद खनिज खनन और परिवहन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत वंचित पात्र हितग्राहियों के लिए फार्म भराने का काम करेगी।

### सभी पात्र व्यक्तियों का पक्का आवास बनाया जाएगा: डिप्टी सीएम



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इन आवासों के लिए हमने सड़क पर लंबी लड़ाई लड़ी है और आज इस संघर्ष का सुखद परिणाम छत्तीसगढ़ के गांव गांव में नजर आने लगा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही अंबिकापुर प्रवास पर आ रहे हैं और इस अवसर पर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत और भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश के वे पात्र हितग्राही, जो अब तक योजना से वंचित रह गए थे, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राही स्वयं भी सेल्फ सर्वे के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद सूची ग्राम सभा में प्रस्तुत की जाएगी और उन्हीं आधारों पर आवास आवंटित किए जाएंगे, ताकि सही मायनों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस सर्वे को बहुत गंभीरता से ले अपना नाम अवश्य शामिल कराए। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को पक्का आवास बनाया जाएगा।

### किसानों को बोनस, महिलाओं को सम्मान व गांवों में लौट रही खुशहाली : कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रीगण गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनके जीवन में आए बदलावों को देख रहे हैं। यह तिहार छत्तीसगढ़ में शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गांवों की तस्वीर बदल रही है, वहीं महतारी वंदन योजना ने माताओं के जीवन में खुशहाली लौटाई है। शहरों से लेकर गांवों तक की महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के जरिए श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक तीर्थयात्रा का लाभ मिल रहा है। किसानों के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपए निर्धारित कर खरीदी की जा रही है और मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों के पिछले दो वर्षों के धान बोनस का एकमुश्त भुगतान कर वादा निभाया गया है।

# प्रिंसी और मौली ने बीआरसी स्कूल का बढ़ाया मान

■ दोनों छात्राओ को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल सीजीबीएससी ने कक्षा 10 वीं और 12वीं परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए है। इस बार कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 76.53 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, लेकिन सबसे बड़ी खबर है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया के कुण्डा में संचालित बीआरसी पब्लिक की दो छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के टॉप टेन में अपना जगह बनाया है। जिसमें बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के कक्षा 10वीं छात्रा प्रिंसी चंद्राकर 98.33 प्रतिशत अंक हासिल कर परीक्षा में टॉप किया है, जिसमें प्रिंसी ने कुल 590 अंक प्राप्त कर के छत्तीसगढ़ में 6 नंबर एवं मौली चंद्राकर ने 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर परीक्षा में टॉप किया है। 587 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9 वे रैंक में अपना जगह बनाकर कबीरधाम जिले एवं अपने स्कूल का नाम रौशन किया। उनके इस सफलता ने न केवल राज्य, जिला, ग्राम एवं स्कूल को गौरवान्वित किया है बल्कि उनके जीवन यात्रा एक प्रेरक बन गई। बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा ने पिछले सत्र में कुछ अंक के चलते प्रदेश के टॉप टेन में जगह मिलने से चुक गए थे। वहीं बीआरसी पब्लिक कुण्डा में प्रारंभिक से ही उच्च गुणवता की शिक्षा बच्चों को दी जा रही है, जिसे प्रतिवर्ष 2 से 3 बच्चों का चयन नवोदय में होता आ रहा है। पिछले सत्र में 2-3 अंक की कमी के चलते प्रदेश के टॉप टेन में जगह बनाने से चुक गए थे, पर इस बार विद्यालय के प्रयास एवं बच्चों के कड़ी मेहनत ने रंग लाई और प्रदेश के टॉप टेन में दों बच्चों ने जगह बनाई है। जिससे बीआरसी पब्लिक स्कूल के साथ-साथ माता-पिता का नाम रौशन किया है। उनके इस सफलता पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला शिक्षा अधिकारी, समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह छबड़ा ने स्कूल के संचालक रामप्रताप चंद्राकर, एमडी भूपेंद्र चंद्राकर एवं दामानी चंद्राकर को दूरभाष पर बधाई प्रेषित किए। वही बच्चों को एवं स्कूल प्रबंधन को जिला मंत्री सुरेश दुबे, ओम यदु मण्डल अध्यक्ष, बालमुकुंद चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, संतोष चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, हरेंद्र चंद्राकर, मुमताज अहमद, ध्वजाराम चंद्राकर, अमन-रमन खनूजा, गणेश सोलंकी, सूरज यादव, शशांक शर्मा, प्रताप सेन एवं समस्त पंचगणों सहित क्षेत्रवासियों ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

# केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता

## करोड़ों खर्च करने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी, ग्रामीण परेशान

■ अधिकारी-ठेकेदारों की मिली-भगत से शासन को लग रहा करोड़ों का चूना।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना जल जीवन मिशन भी शामिल है, इसके तहत घरों-घर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा एक बूंद पानी, कैसे पूरा होगा जल जीवन मिशन का लक्ष्य विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी, बसनी, पीपरमाटी, घोरपेंड्री व खमरिया सहित ऐसे कई ग्राम है जहां पर नल जल मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए के लागत से पानी टंकी बनाया गया है। लेकिन जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। यदि यह कहा जाए तो शायद गलत न होगा। विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों के मिली-भगत से शासन प्रशासन की यह महत्वपूर्ण योजना जिले में फेल नजर आ रही है। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना जल जीवन मिशन भी शामिल है, जो आज तक अपूर्ण है। इस योजना के तहत गांव-गांव में घर-घर तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से संचालित हो रहे। इस योजना में करोड़ों रुपए पानी के लिए पानी की तरह बहाया जा रहा है। लेकिन जिले में शासन प्रशासन की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

### पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, नल जल जीवन मिशन फेल, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कुआंमालगी, बसनी पीपरमाटी, घोरपेंड्री, खम्हरिया सहित ऐसे कई ग्राम है जहां पर नल जल मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए के लागत से पानी टंकी बनाया गया है, क्षेत्रों में ही जल जीवन के तहत ठेकेदारों ने पानी पाईप लाईन का विस्तार किया गया, लेकिन पानी एक बूंद नहीं आ रहा है। ऐसे में जल जीवन मिशन योजना का क्या मतलब जिसका लाभ नहीं मिल रहा। यह बात एक दो पंचायतों की नही पूरे जिले का यही हाल है।

# कंझेटा स्कूल में 93 फीसदी अंक के साथ गामिनी सोनवानी रही टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल कंझेटा में इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत कई वर्षो की भांति उत्कृट रहा है, कक्षा दसवीं में छात्रा गामिनी सोनवानी 93 फीसदी अंक के साथ स्कूल में टॉप की। वहीं द्वितीय तरुणा साहू 90 प्रतिशत, पूर्णिमा निषाद 82 प्रतिशत, साक्षी चंद्रवंशी 81 प्रतिशत, यश राजपूत 78 प्रतिशत, गायत्री 64 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से दिव्या 87 प्रतिशत के साथ हॉयर सेकेंण्डरी में टॉप की। वहीं द्वितीय बिनती 84 प्रतिशत, कावेरी साहू, 82 प्रतिशत के साथ लक्ष्मी 79 प्रतिशत प्राप्त की। साथ ही कला संकाय में नीलेश्वरी साहू 80 प्रतिशत के साथ टॉपर रही, द्वितीय स्थान मालती चौहान 78 प्रतिशत, सुहानी 75 प्रतिशत व तुलाधर 76 प्रतिशत अंक प्राप्त की गई। इसी तरह विज्ञान संकाय से भगवती सोनवानी 80 प्रतिशत, द्वितीय पुष्पा साहू 71 प्रतिशत, श्वेता साहू, सीमा साहू, सोनमणि, ममता साहू, नेहा देवी सभी प्रथम श्रेणी के साथ सफल हुए। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय प्राचार्य संजय वैष्णव, मोहन शर्मा, अर्जुन चंद्रवंशी, प्रभात ताम्रकार, परमेश मरावी, हेमेंद्र शर्मा, शिवानी दिनेश, गंगेश्वर सिंह, जलेश साहू, नारायण बंजारे, हेमंत कश्यप सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, कलप सिंह, जगदीश साहू, रमेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी व क्षेत्रवासियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की।

# सुशासन शिविर में मिला त्वरित समाधान 2147 आवेदनों का निपटारा



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

शासन प्रशासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से कुकदुर तहसील के कुई-कुकदुर क्लस्टर में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासन की सुशासन तिहार पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य था ग्राम पंचायतों तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना। शिविर में कुल 12 ग्राम पंचायतों जिसमें पोलमी, कांदावानी, बिरहलडीह, अमनिया, नेउर, बदना, महीडबरा, छिंदीडीह, पुटपुटा, सेंदुरखार, कुकदुर एवं कुई से ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान कुल 2360 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2147 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि 213 आवेदन प्रक्रियाधीन रहे। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, बसंत बाटिया मंडल अध्यक्ष कुकदुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट, दीपक सलुजा मंडल उपाध्यक्ष, दशरथ कुंभकार अध्यक्ष युवा मोर्चा, यशवंत श्रीवास उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, राकेश डड़सेना, भगऊ मरावी, श्रीमती पार्वती सुनहले, श्रीमती बिंदा पनागर, धनंजय लहरे, राजू धुर्वे, मधुर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल साहू, चंद्रकुमार सोनी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिव प्रकोष्ठ छग, भास्कर देवागन सोसायटी अध्यक्ष पंडरिया, दिनेश मिश्रा, अनुराग ठाकुर, रितेश ठाकुर सांसद प्रतिनिधि सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें। अनुविभागीय अधिकारी संदीप ठाकुर, सीईओ तरुण बघेल, तहसीलदार पूजा सार्वा, नोडल अधिकारी आकाश कश्यप, बीईओ महेंद्र गुप्ता, परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, मत्स्य निरीक्षक अमित वर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थें। शिविर में शिक्षक राजीव श्रीवास्तव एवं राकेश सोनी द्वारा मंच संचालन किया गया। विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। जिसमें 20 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति, 10 नवीन राशन कार्डों का वितरण, 6 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान, पोषण अभियान के तहत 2 फूड बॉक्स वितरण पशुधन विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। वहीं मत्स्य विभाग से 3 लाभार्थी लाभान्वित उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 किसानों को योजनाओं से लाभसमाज कल्याण विभाग से 10 वरिष्ठ नागरिकों को नवीन पेंशन स्वीकृत सुशासन समाधान शिविर आमजन और शासन के बीच की दूरी को कम करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। इस शिविर के माध्यम से शासन की मंशा अनुरूप सुनवाई और समाधान एक ही मंच पर के सिद्धांत को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया।

### कार्बन परियोजना पर परामर्श बैठक संपन्न

**हरिभूमि पंडरिया।** छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन प्राइवेट लिमिटेड अंतर्गत ग्राम पंचायत महली में एक दिवसीय कार्बन परियोजना से सम्बंधित स्थानीय हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीपक बागरी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा मुख्य अतिथियों का परिचय के साथ कार्यक्रम का शुरुआत हुआ। जिसमें कम्पनी के सीईओ मानस बनर्जी द्वारा परियोजना की रूपरेखा एवं इसके लाभों और इसे लागू करने की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कबीर वालंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वैकल्पिक गीलापन और सुखाने (एडब्ल्यूडी) की तकनीक को बताया। कॉमनलैंड संस्था नीदरलैंड से आए हुए टॉम डेविस ने कहा कि कृषि में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के जितने भी उपाय हैं, उसे सभी किसान भाई अवश्य अपनाये और अपने आस पास के बढ़ते हुए तापमान, जल की समस्या, अनियमित वर्षा को (अल्टरनेट वेटिंग एण्ड ड्राईंग) के माध्यम से कम किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसी व्यक्ति विशेष का कार्यक्रम नहीं हैं बल्कि यह कार्यक्रम पूरे गांव व जिला स्तर का कार्यक्रम हैं हम और आप सबके सहयोग से ही इन सभी समस्यायों से छुटकारा पा सकते हैं। कार्यक्रम की इस कड़ी में अनन्या झा कार्यक्रम समन्वयक द्वारा बताया गया कि एडब्ल्यूडी एक जल प्रबंधन तकनीक हैं, जिसका उपयोग धान की खेती में पानी की खपत को कम करने और मीथेन गैस उत्सर्जन को घटाने के लिए किया जाता हैं इस विधि में खेतों में जल स्तर को नियंत्रित तरीके से बढ़ाया और घटाया जा सकता हैं।

# प्रवेश द्वार जर्जर, हादसे को दे रहा न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सिंघनपुरी कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग पर स्थित बरबसपुर के प्रवेश द्वार सन 1997-98 में ग्राम पंचायत के द्वारा निर्माण कराया गया था, लेकिन देख रेख के अभाव में अब वर्तमान में क्षतिग्रस्त तथा जर्जर व बदहाल होने से प्लास्टर गिर रहे हैं वहीं प्रवेश द्वार की छड़ दिखाई देने लगे है। जिससे ग्रामीणों को छोटी-बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरो ने जिम्मेदारों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई।

**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

ग्राम सेन्हाभाठा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द आ. श्री पितराम जाति तेली निवासी ग्राम सेन्हाभाठा तहसील कुंडा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र आशीष कुमार / गोविन्द की जन्म / मृत्यु दिनांक 06/08/2007 को ग्राम सेन्हाभाठा में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13.05.2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया

जारी दिनांकः-28.04.2025

पेशी दिनांकः- 13.05.2025

मुहर — तहसीलदार कुण्डा

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# धर्मांतरण के चक्कर में फंसे जिले के बैगा आदिवासी अपने धर्म, कर्म व रीति रिवाज से हो रहे दूर

- शासन-प्रशासन और सनातन धर्म के ठेकेदार गंधारी की भूमिका में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासन-प्रशासन और सनातन धर्म के ठेकेदारों की गैरजिम्मेदारी तथा अनदेखी के चलते कबीरधाम जिले में धर्मांतरण का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। आलम ये है कि जिले भर में सक्रिय धर्मांतरण कराने वाले लोग बड़ी आसानी से भोले भाले बैगा आदिवासियों को बहला फुसलाकर तथा उन्हें छोटे बड़े प्रलोभन देकर न सिर्फ उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं बल्कि इसके धर्म, कर्म, रीति, रिवाज, रहन-सहन तथा खान-पान से भी उन्हें विमुख रहे हैं। इसकी एक बानगी गत सोमवार को जिले के विकासखण्ड पंडरिया की वनांचल ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम ठेंगाटोला में देखने को मिली। गौरतलब है कि बीते गुरूवार को यहां आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम ठेंगाटोला निवासी अमर सिंह पिता दल सिंह बैगा आयु 35 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गया था। इस घटना के बाद परिजनो ने प्राथमिक उपचार के तहत पीड़ित अमर सिंह को कोदों के नीचे दबा दिया था और बाद में 108 एम्बुलेंस के पहुंचने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर में दाखिल कराया गया। लेकिन चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद यहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया रिफर कर दिया। लेकिन परिजनो की माने तो पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी अमर सिंह को समुचित उपचार नहीं मिल पाया और अस्पताल प्रशासन ने उसे जिला चिकित्सालय कवर्धा रिफर कर दिया। हद तो यह हो गई तथा कथित तमाम चिकित्सा सुविधाओं के साथ बर्न युनिट वाले जिला चिकित्सालय में भी पीड़ित अमर सिंह का ईलाज नहीं किया गया और उसे रायपुर मेकाहारा भेज दिया गया। जहां ईलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिजनो की माने तो प्रदेश की राजधानी रायपुर में संचालित मेकाहारा अस्पताल में मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अस्पताल प्रशासन के संबंधित कर्मचारियों ने उनसे दो हजार रूपए की मांग की गई और राशि देने के बाद मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया। मृतक का जैसे तैसे मृत्यु प्रमाण पत्र तो बन गया लेकिन अब उसका पीएम अटक गया। जिसके लिए परिजनो को घंटो भटकना भी पड़ा और यहां वहां धक्के भी खाने पड़े बाद में रायपुर के ही सोशल मीडिया से जुड़े कुछ लोगों ने पीड़ित परिवार की मदद की तब कहीं जाकर मृतक का पीएम हो पाया और शव को परिजन जैसे तैसे अपने गृह ग्राम ठेंगाटोला लेकर आए और मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। लेकिन ग्राम ठेंगाटोला के बैगा समाज से ताल्लुख रखने वाले इस शोकाकुल परिवार ने अपने मृतक परिजन का जिस ढंग और रीतिरिवाज से अंतिम संस्कार किया वह कई सवाल खड़े करने वाला था। बैगा समाज के मुखिया इतवारी माछीया का कहना है कि बैगा समाज में मृतक के शव का दाह संस्कार किया जाता है और यही हमारा मृतक कर्म है लेकिन जहां तक मृतक अमर सिंह के शव की बात की जाए तो उसे मसीह समाज के धर्म व कर्मो का पालन करते हुए न सिर्फ दफनाया गया बल्कि अन्य नियमों का भी पालन शोकाकुल परिवार द्वारा किया गया। सूत्रों की माने तो इस परिवार ने काफी पहले ही धर्मांतरण कर लिया है और अब वह सनातन धर्म के स्थान पर अपने नए धर्म के अनुसार धर्म, कर्म, रीति, रिवाज, रहन-सहन तथा खान-पान का अनुशरण करता है। जो निश्चित रूप से सनातनियों का यह दूसरे धर्मो के प्रति भटकाव चिंता का विषय है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस बेहद गंभीर विषय की सुध लेने के बजाए शासन-प्रशासन और सनातन धर्म के ठेकेदार कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।



### शिकायत के बाद भी प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी बीते कुछ दिन पूर्व जिले के विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के बैगा आदिवासियों ने ग्राम दलदली क्षेत्र में बीते कई वर्षो से हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाते हुए इसकी लिखित शिकायत बोड़ला तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपकर की थी। इन बैगा आदिवासियों ने अपने ज्ञापन में बकायदा उन लोगों के नामों का भी उल्लेख किया था जिनके द्वारा दलदली क्षेत्र में करीब आठ एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा कर तथा उसमें चर्च का संचालन कर पूरे क्षेत्र में धर्मांतरण की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस शिकायत के बाद भी अभी तक प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। माना जा रहा है कि जिम्मेदारों की इस गैरजिम्मेदारी तथा अनदेखी का बेजा फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा जिले में धर्मांतरण की अपनी दुकानदारी धड़ल्ले से चलाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना पर हमें गर्व है: चोवाराम



**कवर्धा।** कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना की इस कार्यवाही से देश उत्साहित है। उन्होने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है हमें भारतीय सेना पर गर्व है। श्री साहू ने कहा कि जनहित और देशहित में आतंकवाद का नाश जरूरी है। इस प्रयास में पूरा देश एकजुट है। हमें पूरा भरोसा है कि भारतीय सेना इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाएगी। पूरे देश को उन पर गर्व है।

### पुनर्मूल्यांकन व रोके गए परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2020, 2022, 2023, 2024 अंतर्गत एमकॉम 4थ सेमेस्टर, एमए अर्थशास्त्र 4थ सेमेस्टर, एमएससी जूलॉजी 4थ सेमेस्टर, डीसीए 2एनडी सेमेस्टर, एमए हिंदी 4थ सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रम शामिल है। इसी प्रकार विवि ने एलएलबी 1, 3 व 5 सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 के पुनर्मूल्यांकन 20 प्रतिशत का भी परिणाम जारी किया है।

### राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**कवर्धा।** सीजीपीएससी रायपुर ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 के लिए आवेदन शुरू कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 5 जून है। मुख्य परीक्षा की तारीख 26, 27, 28 व 29 जून है। ऑनलाइन आवेदन आयोग की वेबसाइट में किया जा सकता है।

### मौसम साफ होने के बाद बढ़ी उमस

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में होल के दिनो में हुई बेमौसम बारिश के बाद अब मौसम साफ हो गया है और लोगों को उमस भरी गर्मी का एक बार फिर सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोग हलाकान है।

**परीक्षा परिणाम:** दोनों ही परिक्षाओं में बालिकाओं ने मारी बाजी

# जिले में दसवीं का 77.42, बारहवीं का 82.94 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने बुधवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। घोषित परीक्षा परिणामों के मुताबिक कबीरधाम जिले में दोनों ही कक्षाओं के परिक्षार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 वीं में 77.42 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं में 82.94 प्रतिशत परिक्षार्थियों ने सफलता हांसिल की। इस बार भी दोनों ही परिक्षाओं में बालिकाओं ने बाजी मारी है। वहीं कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा कार्यालय से इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस बार कक्षा दसवीं में जिले से कुल 12 हजार 446 परिक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें बालिकाओं की संख्या 7007 तथा बालकों की संख्या 5439 थी। हाई स्कूल परीक्षा में शामिल इन परिक्षार्थियों में से 1860 बालकों और 3407 बालिकाओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 1797 बालक, 2093 बालिकाओं ने द्वितीय श्रेणी में तथा 150 बालक तथा 115 बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 390 बालक एवं 484 बालिकाओं को पूरक की पात्रता दी गई। प्रतिशत के हिसाब से देखा जाए तो जिले में इस बार दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 72.41 प्रतिशत बालकों तथा 81.23 प्रतिशत बालिकाओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में हर बार की तरह इस बार भी बालिकाओं को दबदबा रहा है। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में इस बार जिलेभर से कुल 8613 परिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 3636 बालक तथा 4967 बालिका शामिल थी। घोषित परिणामों के मुताबिक इन परिक्षार्थियों में से 1436 बालकों तथा 2659 बालिकाओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। 1302 बालक, 1530 बालिकाओं ने द्वितीय, 106 बालक, 49 बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 1 परिक्षार्थी को पास घोषित किया गया है वहीं 418 बालक तथा 476 बालिकाओं को पूरक की पात्रता मिली है। कक्षा बारहवीं में प्रतिशत के हिसाब से 78.94 प्रतिशत बालकों तथा 85.87 प्रतिशत बालिकाओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुल मिलाकर इन परिणामों को देखकर कहा जा सकता है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्ता के मामले में जिले की शिक्षा व्यवस्था साल दर साल बेहतर होते जा रही है जिसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

### परीक्षा परिणाम जानने परिक्षार्थियों में दिखा उत्साह



फाईल फोटो

बुधवार को जैसे ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने कक्षा 10 वीं कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम एक के बाद एक जारी किए परिक्षार्थी इंटरनेट में अपना-अपना परीक्षा परिणाम जानने जुट गए। परीक्षा परिणामों की जानकारी मिलने के बाद जिन परिक्षार्थियों के परिणाम उनकी उम्मीद के अनुरूप सामने आए उनमें जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए उनमें निराशा देखी गई।

## कबीरधाम जिले के तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में बनाई जगह, जिले का नाम किया रोशन

- उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में कबीरधाम जिले के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने राज्य की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान बनाना सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी है।

यह सफलता दिखाती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, पांडातराई के छात्र जैनेन्द्र जायसवाल ने 98.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जो जिले में सर्वाधिक है। वहीं, बीआरसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल, कुंडा के प्रिंसि चंद्राकर ने 98.33 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया।

इसी विद्यालय की मौली चंद्राकर ने भी 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर 9 वे स्थान में प्रवीण्य सूची में अपनी जगह सुनिश्चित की है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह उनके माता-पिता, शिक्षकों और पूरे जिले की शिक्षा प्रणाली के समर्पण का प्रमाण भी है। ये विद्यार्थी आने वाले समय में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। मैं उन्हें दिल से बधाई देता हूँ। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल कक्षा 10वीं परीक्षा में कुल 9422 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जो 77.42 उत्तीर्ण प्रतिशत है।

वहीं कक्षा 12वीं में 7083 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें सफलता दर 82.94 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि जिले की शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण है और आने वाले वर्षों में इसके और बेहतर परिणाम होंगे।

# भारतीय सेना के अदम्य साहस व निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर

### ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को गर्व से भर दिया: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस और निर्णायक नेतृत्व ने आज ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज़ जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है, वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और नौ आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। यह कार्यवाही सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि उन माताओं-बहनों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जिनका सिंदूर पहलगाम जैसी नृशंस घटनाओं में मिटा दिया गया था। जब निर्दोष लोगों के सामने उनके पति, बेटे, भाई को गोलियों से छलनी किया गया, तब देश की आत्मा रो पड़ी थी। ऑपरेशन सिंदूर उस पीड़ा का उत्तर है, उस व्यथा का प्रतिशोध है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान का नाम सिंदूर इसीलिए रखा गया है, क्योंकि यह उन बहनों के सम्मान और उनके अधिकार की पुनः प्राप्ती का प्रतीक है। हमारी सेना ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। यदि कोई भी देश या संगठन हमारे नागरिकों के विरुद्ध हिंसा का प्रयास करेगा, तो उसका परिणाम बहुत ही घातक होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री और वीर सैनिकों को इस साहसी निर्णय और कार्रवाई के लिए नमन करता हूँ। यह पूरा देश एकजुट होकर शहीदों के बलिदान को सलाम करता है, और माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा के इस संकल्प में पूरी तरह एकजुट है।

# एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए जिला परिवहन कार्यालय में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए जिला परिवहन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 1 अप्रैल 2019 के पूर्व सभी वाहन जैसे मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्का माध्यम भारी मालयान, बस , स्कूल बस आदि वाहनों पर एचएसआरपी नया नंबर प्लेट लगाया जाना है।

जिसके लिए एचएसआरपी नंबरप्लेट के ऑनलाइन आवेदन के लिए 9 और 10 मई को समय 10 बजे से 5 बजे तक जिला परिवहन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि 9 और 10 मई को जिनका आवेदन किया जाएगा उनका नंबर प्लेट 12 और 13 मई को इसी कार्यालय में वाहनों पर नंबर प्लेट भी लगाया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए वाहन का आरसी और आधार की प्रति तथा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। साथ ही आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क 2 पहिया वाहन के लिए 366 रूपए, 3 पहिया वाहन के लिए 427 रूपए, 4 पहिया वाहन के लिए 656 रूपए, तथा भारी यान के लिए 706 रूपए देना होगा तथा सीएससी/पीएसके फॉर्म भरने का शुल्क अलग से देय होगा।

## कांग्रेस ने मनाया विजय दिवस...




**कवर्धा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई आतंकवाद के विरुद्ध जवाबी कार्यवाही पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में जोरदार आतिशबाजी कर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। भारतीय सेना ने आतंकियों और आतंकियों के रहनुमा पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, आज पूरा देश भारतीय सेना पर गर्व कर रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हाई स्कूल छिरहा के 84.53 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 84.53 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 97 विद्यार्थियों में से 82 सफल रहे, जिसमें 43 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 34 ने द्वितीय श्रेणी और 5 ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त किया है।

संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि छिरहा का परीक्षा परिणाम जिले के औसत 77.42 प्रतिशत से 7.11 प्रतिशत और राज्य के औसत 76.53 प्रतिशत से 8 प्रतिशत अधिक रहा है। यह विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय में अमन चंद्रोल ने 92.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, योगेश भट्ट 88.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं रेशमा डहरिया 87.50 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी और वीणाक्षी नामदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। यह परिणाम निश्चित रूप से विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

**सड़क पर प्रदर्शन, नेशनल हाईवे 30 में लगा लंबा जाम**

# सड़क हादसे में युवक की मौत, लोगों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कवर्धा शहर में फिर एक बार सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। घटना के बाद प्रशासन पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा भारी संख्या में वार्डवासी रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 को जाम कर सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी की मांग है कि घटना में पीड़ित परिवार को सरकार मुआवजा दे और तत्काल शराब दुकान को यहां से हटाएं।

घटना कवर्धा सीटी कोतवाली अंतर्गत मिनी माता चौक के पास की है, जहां पाली पारा निवासी राहुल पाली (21) अपनी दुकान से भोजन करने घर जा रहा था। इसी दौरान पाली पारा के पास कवर्धा से पंडरिया की ओर जा रही यात्री बस ने बाइक सवार युवक चपेट में ले लिया, दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। घटना के तीन घंटे बाद वार्डवासियों ने मिनी माता चौक के पास रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे 30 जाम कर दिया और शराब दुकान हटाने व मुआवजा की मांग कर रहे हैं।



### वार्डवासियों का आरोप

वार्डवासियों का आरोप है कि शहर से लगा हुआ शराब दुकान संचालित है। जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, दो माह पूर्व भी एक युवक का एक्सिडेंट में मौत हुई थी। परिजनों व वार्डवासियों ने शराब दुकान हटाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने आश्वासन देकर छोड़ दिया। इस बार जब तक प्रशासन शराब दुकान अन्य जगह शिफ्ट नहीं करती है, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

# खेत में फड़ जमाकर जुआ खेलने वाले पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कोतवाली थाना क्षेत्र में घोठिया रोड स्थित गुरु नाला के पास खेत में खुलेआम जुआ खेलते पांच युवकों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक खेत में रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखकर कुछ युवक भाग निकले। मौके से आरोपी अनिल साहू आयु 22 वर्ष, रमेश सत्यवंशी आयु 26, जितेन्द्र साहू आयु 29 तथा विनोद निषाद आयु 32 को पकड़ा गया। सभी आरोपी कवर्धा जिले के निवासी हैं। तलाशी में अनिल साहू के पास से 600 रुपए, कमलेश के पास से 1000 रुपए, रमेश से 500 रुपए, जितेन्द्र से 800 रुपए और विनोद से 1230 रुपए नगद मिले। कुल 4130 रुपए और 52 पत्ती ताश जब्त की गई है। मामले में सभी आरोपियों पर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला जमानती होने से सभी को मुचलके पर रिहा किया गया।